शाहजहाँपुर पुलिस

प्रेस नोट-सराहनीय कार्य दिनांक : 16.06.2024

थाना पुवायां पुलिस को मिली बडी कामयाबी

थाना पुवायाँ पुलिस द्वारा मुखबीर की सूचना पर अवैध शस्त्र बनाने वाली फैक्टरी का भण्डाफोड़ कर शातिर बादमाश को किया गया गिरफ्तार।

श्री अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक महोदय, शाहजहाँपुर के कुशल निर्देशन में श्री मनोज कुमार अवस्थी, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल पर्यवेक्षण एवं श्री पंकज पंत, क्षेत्राधिकारी पुवायां के कुशल नेतृत्व में पुवायाँ पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र निर्माण/ब्रिक्री की रोकथाम के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक-16.04.2024 को पुवायाँ पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि **मो0 आनंद वाटिका निगोही रोड पहुँचे तो जरिये मुखबिर खास सूचना मिली कि जठियापुर पुलिया निगोही रोड के आगे टावर वाली चकरोड पर सड़क से करीब 200 मीटर अन्दर लिप्टिस के पेड़ के पास नाजायज तमंचा बनाये जा रहे है यदि जल्दी की जाये तो पकडे जा सकते है**, मुखबिर की सूचना पर थाना पुवायाँ पुलिस द्वारा **अभियुक्त पप्पू पुत्र बुलाकी निवासी राधा विहार कालोनी निगोही रोड थाना पुवायां** शाहजहाँपुर उम्र 36 वर्ष को **समय करीब 03.45 बजे गिरफ्तार किया गया** तथा मौके से एक अदद देशी तमंचा 315 बोर नाजायज,दो अदद तमंचा 12 बोर नाजायज, दो अर्धबने तमंचे, दो लोहे की कटी हुयी प्लेट, एक एयर ब्लोअर, करीब 01 किलो जला व अर्धजला कोयला, एक शिकंजा, एक माचिस, एक अर्धजली मोमबत्ती, रेगमाल का टुकडा, 4 छोटे स्प्रिंग, छोटी व बडी लोहे की कील, एक लकड़ी का टुकडा व एक टार्च व प्लास्टिक का एक कटटा ,शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किये गये। अभियुक्त को गिरफ्तार कर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरणः-

1. पप्पू पुत्र बुलाकी निवासी राधा विहार कालोनी निगोही रोड थाना पुवायां शाहजहाँपुर।

अपराधिक इतिहास –

1. मु0अ0सं0-1066/2017 धारा-364/392 IPC थाना पुवायां जनपद शाहजहाँपुर।
2. मु0अ0सं0-403/2024 धारा-5/25 आयुध अधि0 थाना पुवायां जनपद शाहजहाँपुर।

गिरफ्तारी का समय व स्थानः-

जठियापुर पुलिया निगोही रोड के आगे टावर वाली चकरोड पर सड़क से करीब 200 मीटर अन्दर लिप्टिस के पेड़ के पास से समय करीब 03.45 बजे

पूछताछ का विवरणः-

पूछताछ पर पप्पू उपरोक्त ने बताया कि मै अवैध शस्त्र बनाने का काम करता हूँ व पुलिस के चोरी छिपे अवैध शस्त्रो को निर्माण व पुराने शस्त्रो की मरम्मत भी करता हूँ। बस्ती से दूर सुनसान जगह पर इसलिये अवैध तमंचे बनाने का निर्माण कर रहा हूँ क्योकि यहाँ लोगो का आना जाना नही है फिर भी पता नही आप लोगो को कैसे पता चल गया ।

बरामदगी का विवरणः-

1. एक अदद देशी तमंचा 315 बोर नाजायज,
2. दो अदद तमंचा 12 बोर नाजायज,
3. दो अर्धबने तमंचे,
4. दो लोहे की कटी हुयी प्लेट,
5. एक एयर ब्लोअर,
6. करीब 01 किलो जला व अर्धजला कोयला,
7. एक शिकंजा, एक माचिस, एक अर्धजली मोमबत्ती, रेगमाल का टुकडा,
8. 4 छोटे स्प्रिंग, छोटी व बडी लोहे की कील,
9. एक लकड़ी का टुकडा व एक टार्च व प्लास्टिक का एक कटटा ,शस्त्र बनाने के उपकरण

गिरफ्तार करने वाले टीम का विवरणः-

1.प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर

2.उप निरीक्षक मनीष कुमार थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर

3.आरक्षी 2713 प्रवीन दहिया थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर

4.आरक्षी 2338 गौरव कुमार थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर

5-आरक्षी 180 निर्दोष कुमार थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर

6-आरक्षी 2171 परीक्षित चौधरी थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर